<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31 दिसम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर आज अयोध्या में होगा भव्य आयोजन। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- रक्षा मंत्रालय ने क्लोज क्वाटर बैटल कार्बाइन तथा भारी वजन वाले टारपिडो की खरीद के लिये चार हजार छः सौ छाछठ करोड़ रूपये के अनुबंध पर किये हस्ताक्षर। इस खरीद से सेना और नौ सेना विश्व स्तरीय मारक क्षमता प्रणाली से होगी लैस।
- भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर की तिथियों में किया संशोधन। अब छः जनवरी को जारी होगी ड्राफ्ट लिस्ट और छः मार्च को अंतिम सूची।
- प्रदेश में नये साल के जश्न को लेकर हाई अलर्ट पर पुलिस–प्रशासन। भीड़–भाड़ वाले इलाकों पर कड़ी नजर।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश ज़िलों के लिए जारी किया घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ आज धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। इस उत्सव के लिए रामनगरी को भव्य रूप से सजाया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अंतर्गत आज राम मंदिर में दिन भर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। ज़िलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनज़र सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। बाइट....(8)

***प्राण प्रतिष्ठा में माननीय रक्षा मंत्री जी और साथ ही साथ माननीय मुख्यमंत्री जी आएंगे। उनके द्वारा मंदिर में पूजा और दर्शन किया जाएगा। साथ ही साथ एक छोटा सा कार्यक्रम मंदिर में अंगद टीला पर आयोजित किया जाएगा जहां पर दोनों ही महानुभाव लोगों को संबोधित करें। श्रद्धालु और पर्यटक बड़ी संख्या में अयोध्या धाम आ रहे हैं। हम लोगों ने पुख्ता इंतजामात किए हैं क्राउड मैनेजमेंट को लेकर के ट्रैफिक मूवमेंट को लेकर के ताकि जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उन्हें कोई समस्या ना हो और समय से उनका दर्शन हो जाए।***

इससे पहले कल प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के अंतर्गत मोहित शेवानी और उनके समूह द्वारा आधुनिक तकनीकी और एआई की मदद से गाथा श्रीराम मंदिर की कार्यक्रम का भव्य मंचन किया गया।

**********

रक्षा मंत्रालय ने क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन तथा भारी वजन वाले टारपीडो की खरीद के लिए चार हजार छह सौ 66 करोड़ रुपये के अनुबंध पर कल नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए। चार लाख से अधिक क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन की खरीद के लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ दो हजार 770 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है। इस खरीद से सेना और नौसेना विश्व स्तरीय मारक क्षमता प्रणाली से लैस होगी तथा आत्मनिर्भर भारत लक्ष्य के अन्तर्गत पुरानी प्रणालियों को आधुनिक स्वदेशी तकनीकों से बदला जाएगा। दूसरे अनुबंध के अंतर्गत भारी वजन वाले 48 टारपीडो के साथ कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों पी–75 से जुड़े उपकरण की खरीद के लिए इटली की डब्ल्यू.ए.एस.एस. सबमरीन सिस्टम्स एस.आर.एल के साथ एक हजार आठ सौ 96 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गये हैं। इन टारपीडो की खरीद से छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों की युद्धक क्षमता बढ़ेगी।

**********

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल भोपाल में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा है कि संसद ने वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और मनरेगा योजना की कमियों को दूर करने के लिए विकसित भारत– जी राम जी विधेयक पारित किया है। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना में बेरोजगारी भत्ता के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल है और अधिनियम के तहत आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

***आगामी वित्तीय वर्ष में जो प्रस्तावित बजट प्रावधान है वो भी एक लाख 51 हजार दो सौ 82 करोड़ रुपए किया गया, पिछले साल 88 हजार करोड़ था केवल। जब सौ से सवा सौ दिन मजदूरी करनी है, तो उसके लिए वित्तीय प्रावधान आवश्यक है, जो किए जा रहे हैं। केन्द्र का अपना हिस्सा बढ़ के अकेले 95 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होगा।***

**********

प्रदेश भर में नए साल के मौके पर होने वाले आयोजनों के मद्देनज़र सुरक्षा और पर्यटन से जुड़े कई कदम उठाए जा रहे हैं। लखनऊ, मेरठ, नोएडा, समेत अन्य प्रमुख शहरों में नए साल को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है। प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि नए साल का जश्न शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाए, इसके लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

***पूरे जोन में अभी अलर्ट पर रख दिया गया है पूरी फोर्स को। भीड़–भाड़ वाली सारी जगह हैं। वहां पर हम लोग चेकिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही साथ शॉप्स पर, मॉल्स पर, पार्किंग एरियाज पर वहां पर चेकिंग की जा रही है। पूरा पुलिस का बंदोबस्त की***

*ड्यूटियां तैयार कर ली गई हैं। सिविल पुलिस के साथ पीएससी की भी का बल रहेगा। ड्रोन कैमरे के साथ सीसीटीवी कैमरे के साथ अब पूरी निगरानी की जाएगी। ट्रैफिक के लिए डायवर्जन प्लान भी बना लिया गया है।*

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश मेट्रो कॉरपोरेशन ने यात्रियों की सुविधा के लिये आज लखनऊ मेट्रो का संचालन रात साढ़े 12 बजे तक करने का निर्णय लिया है। वाराणसी और अयोध्या में भी नववर्ष पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**********

भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब मतदाता सूची का प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी से 06 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च, 2026 को किया जाएगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत सुधार एक्सप्रेस पर सवार हो गया है और वैश्विक आकर्षण केन्द्र के रूप में उभर रहा है। एक रिपोर्ट–

**सोशल मीडिया पर साझा लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर आशा और विश्वास से देख रहा है और अगली पीढ़ी के सुधारों से गतिमान प्रगति की सराहना कर रहा है। भारत की जनसांख्यिकी, युवा पीढ़ी और देशवासियों का अदम्य संकल्प इस सुधार एक्सप्रेस का मूल इंजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 भारत के लिए सुधारों के वर्ष के रूप में याद किया जाएगा। इस वर्ष विभिन्न सेक्टर में महत्वपूर्ण बदलाव हुए जिनसे देश की विकास यात्रा को गति मिली। सरकार ने संस्थाओं को आधुनिक बनाया, शासन को सरल और सुगम बनाया तथा समावेशी विकास की नींव मजबूत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रम कानूनों और व्यापार समझौतों से लेकर साजो सामान, ऊर्जा और बाजार सुधारों तक भारत की विकास यात्रा विश्वसनीयता, स्थायित्व और भरोसे पर निर्मित रही है। दिल्ली से अक्षित की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शशांक कुमार।**

**********

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत गेहूं, जौ, चना, मटर, सरसो, मसूर, आलू आदि रबी फसलों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि आज है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से जल्द से जल्द आवेदन करने की अपील की है। किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**********

पूरे प्रदेश में घने कोहरे और ठंड का कहर जारी है। कोहरे के कारण हवाई और रेल सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं और उड़ानें भी रद्द की गई हैं। मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी जनपदों में शीतलहर को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने एक जनवरी को पश्चिमी जिलों में कहीं–कहीं पर हल्की बारिश की संभावना भी जताई है।

**********

प्रयागराज में संगम तट पर तीन जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम भी खास तैयारी कर रही है। विभिन्न जनपदों से संगमनगरी के लिये विशेष बसों का संचालन किया जायेगा।

**********